# जेवर हवाई अड्डा गुणवत्ता और समयबद्धता की मिसाल: योगी

लखनऊ | विशेष संवाददाता

## सीएम की समीक्षा

- एयरपोर्ट के लिए राज्य समर्थित समझौते पर दस्तखत
- सीएम ने कहा, 30 साल से लंबित परियोजना समय से पूरी होगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, जेवर के विकास का काम तमाम बाधाओं के बावजूद तेजी व पारदर्शिता के साथ हुआ है। इसने प्रदेश की नई कार्यसंस्कृति को प्रदर्शित किया है।

मुख्यमंत्री सोमवार को जेवर एयरपोर्ट के लिए यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच राज्य समर्थित समझौते के हस्ताक्षरित होने के मौके पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 30 वर्ष से लंबित यह परियोजना तय समय में पूरी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई पट्टी बनाने के लिए विस्थापित परिवारों से संवाद बनाएं व उनके बेहतर विस्थापन की व्यवस्था हो। रनवे में आने वाले ग्राम रोही के मजरे नगला गनेशी की आबादी को सबसे पहले शिफ्ट किया जाए। यह कार्य छह मार्च तक पूरा कर लिया जाए।

➤ नियमित समीक्षा करें पेज 02